Adda247
GET IT ON Google Play

# प्रश्न पुस्तिका / QUESTION BOOKLET

| | |
|---|---|
| पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या / Number of Pages in Booklet : **24** | |
| पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या / Number of Questions in Booklet : **150** | |
| अवधि / Duration : **3.00** घंटे / Hours | पूर्णांक / Maximum Marks : **300** |

# 131D

प्रश्न पुस्तिका क्रमांक
Question Booklet Number

## INSTRUCTIONS

1. Please correctly fill your Roll Number in O.M.R. Sheet. Candidate will himself be responsible for filling wrong Roll No.
2. At the start of the examination, before attempting the question paper kindly check your test booklet and O.M.R. Answer Sheet and ensure that:

* The serial numbers of test booklet and O.M.R. answer sheet are same.
* All pages of test booklet and O.M.R. answer sheet are properly printed. All questions from S. No. **1** to last S. No. **150** are printed and pages from S. No. **1** to last S. No. **24** are there in the question booklet.

In case of any discrepancy/defect the candidate should immediately report the matter to the invigilator for replacement of test booklet and O.M.R answer sheet. No claim/objection in this regard will be entertained after five minutes of start of examination. Candidate will be liable for it.

3. Answer all questions.
4. All questions carry equal marks.
5. Only one answer is to be given for each question.
6. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
7. There is no Negative marking.
8. Each question has four alternative responses marked serially as **(A), (B), (C), (D).** Candidate has to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using **BLUE BALL POINT PEN.**
9. Use of Mobile Phone/ Bluetooth Devices or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. If any such prohibited material is found with any candidate, strict action will be taken by the Board against him/her as per rule.
10. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature in Hindi and English version of the question, the English version will be treated as standard.

**Warning** : If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would be liable to be prosecuted under Section 3 of the **State Prevention of Unfair Means Act, 1992** and Board Regulations. Board may also debar him/her permanently from all future examinations of the Board.

## निर्देश

1. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें। गलत रोल नंबर भरने पर परीक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।
2. प्रश्न–पत्र हल करने से पूर्व, परीक्षा प्रारम्भ होते ही प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक की भली–भाँति जाँच कर यह सुनिश्चित कर लें कि:

* प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक के क्रमांक एक समान हैं।
* प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक के सभी पृष्ठ सही छपे हुए हैं। प्रश्न–पत्र पुस्तिका में प्रश्न सं. **1** से अन्तिम क्रमांक **150** तक सभी प्रश्न क्रमवार मुद्रित हैं एवं सभी पृष्ठ क्रमवार **1** से **24** तक मौजूद हैं।

किसी भी प्रकार की विसंगति होने या दोषपूर्ण होने पर प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक का दूसरा लिफाफा अभिजागर से प्राप्त कर लें। परीक्षा प्रारम्भ होने के 5 मिनट के पश्चात् ऐसी स्थिति में किसी दावे/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उसमें समस्त जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी।

3. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
4. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
5. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए।
6. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जावेगा।
7. ऋणात्मक अंक देय नहीं है।
8. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिए गए हैं, जिन्हें क्रमशः **(A), (B), (C), (D)** अंकित किया गया है। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर–पत्रक पर **नीले बॉल प्वॉइंट पेन** से गहरा करना है।
9. मोबाईल फोन/ब्लूटूथ डिवाइस अथवा इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है, तो उसके विरुद्ध बोर्ड द्वारा नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जावेगी।
10. यदि किसी प्रश्न के हिन्दी एवं अंग्रेज़ी रूपान्तरों में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न का अंग्रेज़ी रूपान्तरण मान्य होगा।

**चेतावनी** : अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई जायेगी और **राज्य अनुचित साधनों की रोकथाम अधिनियम,** 1992 की धारा 3 एवं बोर्ड रेग्यूलेशन के तहत कार्यवाही की जावेगी। साथ ही बोर्ड ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली बोर्ड की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए / Do not open this test booklet until you are asked to do so.**

# Test Prime

***ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION***

**70,000+** Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

**600+** Exam Covered

Previous Year Papers

**500%** Refund

IBPS

NABARD

**ATTEMPT FREE MOCK NOW**

1. Who was sent to England as the representative of Marwar in 1887, to attend the Golden Jubilee celebration of Queen Victoria?
(A) Vijay Singh (B) Kalyan Singh
(C) Jaswant Singh (D) Pratap Singh

2. With reference to the Indian freedom struggle, which one of the following is correct chronological order of the given events?
(A) Surat Split of Congress - Lucknow Pact - Partition of Bengal
(B) Partition of Bengal - Surat Split of Congress - Lucknow Pact
(C) Partition of Bengal - Lucknow Pact - Surat Split of Congress
(D) Surat Split of Congress - Partition of Bengal - Lucknow Pact

3. Match List-I with List-II and select the correct answer by using the code given below -
**List – I**
(A) Nana Saheb
(B) Bahadur Shah Zafar
(C) Laxmi Bai
(D)Tatya Tope
**List – II**
(i) Killed in Battle
(ii) Deported to Rangoon
(iii) Captured and executed
(iv) Fled to Nepal
Code -
(A) A-(ii), B-(i), C-(iii), D-(iv)
(B) A-(iv), B-(ii), C-(i), D-(iii)
(C) A-(i), B-(ii), C-(iii), D-(iv)
(D) A-(iii), B-(iv), C-(ii), D-(i)

4. In which year 'Rajasthan Seva Sangh' was transferred to Ajmer?
(A) 1918 (B) 1919
(C) 1920 (D) 1921

5. In the reign of which ruler of Alwar, Neemuchana incident took place?
(A) Maharaja Fateh Singh (B) Maharaja Banne Singh
(C) Maharaja Vijay Singh (D) Maharaja Jai Singh

1. महारानी विक्टोरिया के स्वर्ण जुबली उत्सव में भाग लेने के लिए 1887 में, मारवाड़ के प्रतिनिधि के रूप में किसे इंग्लैण्ड भेजा गया?
(A) विजय सिंह (B) कल्याण सिंह
(C) जसवंत सिंह (D) प्रताप सिंह

2. भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के संदर्भ में, निम्नलिखित में से दी गई घटनाओं का कौनसा कालक्रम सही है?
(A) कांग्रेस का सूरत विभाजन – लखनऊ समझौता – बंगाल का विभाजन
(B) बंगाल का विभाजन – कांग्रेस का सूरत विभाजन – लखनऊ समझौता
(C) बंगाल का विभाजन – लखनऊ समझौता – कांग्रेस का सूरत विभाजन
(D) कांग्रेस का सूरत विभाजन – बंगाल का विभाजन – लखनऊ समझौता

3. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिए –
**सूची – I**
(A) नाना साहब
(B) बहादुर शाह जफ़र
(C) लक्ष्मी बाई
(D) तात्या टोपे
**सूची – II**
(i) युद्ध में मारे गए/गईं
(ii) रंगून निर्वासित
(iii) पकड़ लिया और मौत के घाट उतारा
(iv) नेपाल भाग गए/गईं
कूट –
(A) A-(ii), B-(i), C-(iii), D-(iv)
(B) A-(iv), B-(ii), C-(i), D-(iii)
(C) A-(i), B-(ii), C-(iii), D-(iv)
(D) A-(iii), B-(iv), C-(ii), D-(i)

4. किस वर्ष 'राजस्थान सेवा संघ' का स्थानांतरण अजमेर हुआ?
(A) 1918 (B) 1919
(C) 1920 (D) 1921

5. अलवर के किस शासक के समय नीमूचाणा कांड हुआ?
(A) महाराजा फतेह सिंह (B) महाराजा बन्ने सिंह
(C) महाराजा विजय सिंह (D) महाराजा जय सिंह

6. Where was the Seventh Session of the 'Akhil Bhartiya Deshi Rajya Lok Parishad' held under the Chairmanship of Jawaharlal Nehru?
(A) Udaipur (B) Jaipur
(C) Jodhpur (D) Ajmer

7. Under whose leadership, more than 10,000 Jat women participated in the Shekhawati Kisan Andolan?
(A) Uttama Devi (B) Kishori Devi
(C) Ram Devi (D) Durga Devi Sharma

8. 'Mewar Ki Pukar' 21 points demand letter was related to -
(A) Sadhu Sitaram Das (B) Vijay Singh Pathik
(C) Moti Lal Tejawat (D) Manikya Lal Verma

9. Maulvi Liaqat Ali, who played a significant role during the Freedom struggle of 1857, belonged to which of the following cities?
(A) Lucknow (B) Faizabad
(C) Bareilly (D) Allahabad

10. R.G. Bhandarkar and Atmaram Pandurang were associated with which of the following organisation?
(A) Home Rule League (B) Atmiya Sabha
(C) Ramkrishna Mission (D) Prathna Sabha

11. Which Princely State of Rajasthan has given protection to Blue Pottery and especially by which ruler?
(A) Jaipur, Sawai Pratap Singh
(B) Jaipur, Sawai Ram Singh II
(C) Mewar, Maharana Fateh Singh
(D) Mewar, Maharana Sajjan Singh

12. Prithviraj's "12 Khambo Ki Chatri" is situated in which of the following forts?
(A) Mehrangarh Fort (B) Gogunda Fort
(C) Chittorgarh Fort (D) Kumbhalgarh Fort

13. The 'Kathodi' tribe is mainly found in which of the following district?
(A) Dungarpur (B) Banswara
(C) Udaipur (D) Kota

6. जवाहरलाल नेहरू की अध्यक्षता में 'अखिल भारतीय देशी राज्य लोक परिषद' का सातवां अधिवेशन कहाँ आयोजित हुआ था?
(A) उदयपुर (B) जयपुर
(C) जोधपुर (D) अजमेर

7. किसके नेतृत्व में, शेखावाटी किसान आंदोलन में 10,000 से अधिक जाट महिलाओं ने भाग लिया?
(A) उत्तमा देवी (B) किशोरी देवी
(C) रामदेवी (D) दुर्गा देवी शर्मा

8. 'मेवाड़ की पुकार' 21 सूत्रीय मांगपत्र का सम्बन्ध किससे था?
(A) साधु सीताराम दास (B) विजय सिंह पथिक
(C) मोतीलाल तेजावत (D) माणिक्य लाल वर्मा

9. मौलवी लियाकत अली, जिन्होंने 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई, निम्नलिखित में से किस शहर से संबंधित थे?
(A) लखनऊ (B) फैज़ाबाद
(C) बरेली (D) इलाहाबाद

10. आर. जी. भण्डारकर और आत्माराम पाण्डुरंग निम्नलिखित में से किस संस्था से संबद्ध थे?
(A) होमरूल लीग (B) आत्मीय सभा
(C) रामकृष्ण मिशन (D) प्रार्थना सभा

11. राजस्थान की किस रियासत और विशेष रूप से कौन–से शासक ने ब्लू पॉटरी को संरक्षण दिया?
(A) जयपुर, सवाई प्रताप सिंह
(B) जयपुर, सवाई रामसिंह II
(C) मेवाड़, महाराणा फतेह सिंह
(D) मेवाड़, महाराणा सज्जन सिंह

12. पृथ्वीराज की ''12 खम्बों की छतरी'' निम्नलिखित में से किस किले में स्थित है?
(A) मेहरानगढ़ किला (B) गोगुन्दा किला
(C) चित्तौड़गढ़ किला (D) कुंभलगढ़ किला

13. 'कथोड़ी' जनजाति मुख्यतः किस जिले में पायी जाती है?
(A) डूंगरपुर में (B) बांसवाड़ा में
(C) उदयपुर में (D) कोटा में

**14.** Famous classical players of Rajasthan origin Ram Narayan and Sultan Khan are related to which musical instrument?

**(A)** Kamaycha **(B)** Sitar
**(C)** Sarangi **(D)** Tabla

**14.** राजस्थान मूल के प्रख्यात शास्त्रीय वादक रामनारायण तथा सुल्तान खां का सम्बन्ध किस वाद्य यन्त्र से है?

**(A)** कमायचा **(B)** सितार
**(C)** सारंगी **(D)** तबला

**15.** Jai Singh – II did not built an observatory at which of the following places?

**(A)** Delhi **(B)** Agra
**(C)** Mathura **(D)** Ujjain

**15.** जयसिंह द्वितीय ने निम्न में से किस जगह वेद्यशाला नहीं बनवाई?

**(A)** दिल्ली **(B)** आगरा
**(C)** मथुरा **(D)** उज्जैन

**16.** Where is the 'Rupayan Sansthan' located?

**(A)** Borunda **(B)** Bagru
**(C)** Badnore **(D)** Bundi

**16.** 'रूपायन संस्थान' कहाँ स्थित है?

**(A)** बोरुन्दा **(B)** बगरू
**(C)** बदनोर **(D)** बून्दी

**17.** The historical place 'Jabalipur' is identified in modern times as -

**(A)** Jalore **(B)** Sirohi
**(C)** Nagaur **(D)** Jaisalmer

**17.** ऐतिहासिक स्थल 'जाबालिपुर' की आधुनिक पहचान है –

**(A)** जालौर **(B)** सिरोही
**(C)** नागौर **(D)** जैसलमेर

**18.** Which of the following (Local Deity - Main Pilgrimage Site) is not correctly matched?

**(A)** Tejaji - Parbatsar (Nagaur)
**(B)** Devnarayan Ji - Asind (Bhilwara)
**(C)** Pabuji - Kolu Village (Phalodi)
**(D)** Tallinath Ji - Katriyasar (Bikaner)

**18.** अधोलिखित (लोक देवता – मुख्य तीर्थस्थल) में से कौनसा युग्म असंगत है?

**(A)** तेजाजी – परबतसर (नागौर)
**(B)** देवनारायण जी – आसींद (भीलवाड़ा)
**(C)** पाबूजी – कोलू गाँव (फलोदी)
**(D)** तल्लीनाथ जी – कतरियासर (बीकानेर)

**19.** 'Godawadi dialect' is spoken in which one of the following districts?

**(A)** Jalore **(B)** Jaisalmer
**(C)** Dungarpur **(D)** Ajmer

**19.** निम्नलिखित में किस एक जिले में 'गोड़वाड़ी बोली' बोली जाती है?

**(A)** जालौर **(B)** जैसलमेर
**(C)** डूंगरपुर **(D)** अजमेर

**20.** For the promotion of Arts, in 1857 AD, 'Maharaja School of Arts and Crafts' was established by -

**(A)** Sawai Jai Singh **(B)** Sawai Ram Singh II
**(C)** Sawai Madho Singh I **(D)** Sawai Pratap Singh

**20.** कलाओं के प्रोत्साहन के लिए, 1857 ई. में, 'महाराजा स्कूल ऑफ आर्ट्स एण्ड क्राफ्ट्स' की स्थापना की थी –

**(A)** सवाई जय सिंह ने **(B)** सवाई राम सिंह II ने
**(C)** सवाई माधो सिंह I ने **(D)** सवाई प्रताप सिंह ने

**21.** In which school of painting of Rajasthan women are portrayed as hunters?

**(A)** Bikaner **(B)** Jaipur
**(C)** Kota **(D)** Alwar

**21.** राजस्थान की किस चित्र शैली में नारियों को शिकार करते हुए दर्शाया गया है?

**(A)** बीकानेर **(B)** जयपुर
**(C)** कोटा **(D)** अलवर

22. Who among the following, was awarded the Padma Vibhushan by the Government of India in 1956, for her active participation in Bhoodan and Kup Daan programmes?
(A) Ratan Shastri (B) Anjana Devi Choudhary
(C) Janki Devi Bajaj (D) Narayani Devi Varma

23. Who built the Rangmahal in Bundi, which is adorned with beautiful mural paintings?
(A) Rao Ratan Singh (B) Rao Surjan Singh
(C) Rao Chhatrasal (D) Maharao Buddha Singh

24. Sort out the incompatible pair between Literature and Author -
(A) Raj Prakash – Kishordas
(B) Pabu Prakash – Modji Ashiya
(C) Amarsaar – Pt. Jivadhar
(D) Raj Vallabh – Maharana Kumbha

25. The world famous Janki Lal Bhand is related to which folk play?
(A) Rammat (B) Swang
(C) Nautanki (D) Khayal

26. With which occasion is 'Mor-Bandhiya' custom, related to Garasia tribe, associated?
(A) Birth (B) Marriage
(C) Engagement (D) Divorce

27. Where is the tradition of organising the famous 'Nahar Dance' prevalent, since the time of Mughal Emperor Shah Jahan?
(A) Chomu (B) Chaksu
(C) Mandal (D) Kishangarh

28. Who established the Chamunda Mata temple, situated at Mehrangarh Fort?
(A) Rao Kalyanmal (B) Rao Jodha
(C) Maharaj Ajit Singh (D) Durgadas

29. In Mewar state the 'Mahkama Khas' was established by -
(A) Maharana Shambhu Singh (B) Maharana Ajit Singh
(C) Maharana Ganga Singh (D) Maharana Sajjan Singh

22. निम्न में से किसे, भू–दान और कूप–दान कार्यक्रमों में उनकी सक्रिय भागीदारी के कारण भारत सरकार ने 1956 में, पद्म विभूषण से सम्मानित किया?
(A) रतन शास्त्री (B) अंजना देवी चौधरी
(C) जानकी देवी बजाज (D) नारायणी देवी वर्मा

23. बूँदी स्थित रंगमहल, जो सुन्दर भित्तिचित्रों से सुसज्जित है, किसने बनवाया?
(A) राव रतन सिंह (B) राव सुरजन सिंह
(C) राव छत्रसाल (D) महाराव बुद्धसिंह

24. साहित्य एवं साहित्यकार के युग्म में से असंगत छांटिए –
(A) राजप्रकाश – किशोरदास
(B) पाबू प्रकाश – मोड़जी आशिया
(C) अमरसार – पं. जीवाधर
(D) राजवल्लभ – महाराणा कुंभा

25. अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त जानकीलाल भांड का सम्बन्ध किस लोक नाट्य से है?
(A) रम्मत (B) स्वांग
(C) नौटंकी (D) ख्याल

26. गरासिया जनजाति में 'मोर बन्धिया' रीति रिवाज, किस अवसर से जुड़ा हुआ है?
(A) जन्म (B) विवाह
(C) सगाई (D) तलाक

27. मुगल सम्राट शाहजहाँ के समय से ही प्रसिद्ध 'नाहर नृत्य' के आयोजन की परम्परा, कहाँ प्रचलित है?
(A) चोमू (B) चाकसू
(C) माण्डल (D) किशनगढ़

28. मेहरानगढ़ दुर्ग में स्थित चामुण्डा माता मन्दिर की स्थापना किसने की थी?
(A) राव कल्याणमल (B) राव जोधा
(C) महाराज अजीत सिंह (D) दुर्गादास

29. मेवाड़ राज्य में 'महकमा खास' की स्थापना की थी –
(A) महाराणा शम्भू सिंह ने (B) महाराणा अजीत सिंह ने
(C) महाराणा गंगा सिंह ने (D) महाराणा सज्जन सिंह ने

30. Shivratri cattle fair is held at -
(A) Jhalawar (B) Karauli
(C) Bharatpur (D) Alwar

31. Which of the following pairs is not correctly matched?
(A) Ub Chhath-Bhadrapad Krishna Paksh Shashthi
(B) Gangaur-Chaitra Shukla Tritiya
(C) Ghudla-Shravana Shukla Tritiya
(D) Fuldol-Chaitra Krishna Pratipada

32. Who is the famous author of 'Bhartiya Prachin Lipimala'?
(A) Ramkaran Asopa (B) Bishweshwar Nath Reu
(C) Muni Jin Vijay (D) Gaurishankar Hirachand Ojha

33. To which sect did Sahajo Bai belong?
(A) Ramsnehi (B) Laldasi
(C) Alakhdasi (D) Charandasi

34. Which of the following pair (Ancient region - Modern district/districts) is not correctly matched?
(A) Arbud Desh-Sirohi
(B) Shivi-Chittorgarh, Udaipur
(C) Sapadalaksha-Ajmer, Nagaur
(D) Vagad-Sikar, Jhunjhunu

35. Shrilal Joshi was associated with -
(A) Phad Painting (B) Sculpture
(C) Thewa Art (D) Terracotta

36. Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below the lists –

| **List – I (Power plant)** | **List – II (State)** |
|---|---|
| (a) Satpura | (1) Maharashtra |
| (b) Dhuvaran | (2) Uttarakhand |
| (c) Tanakpur | (3) Gujarat |
| (d) Dabhol | (4) Madhya Pradesh |

Code -
(A) a-1, b-3, c-2, d-4 (B) a-4, b-3, c-2, d-1
(C) a-1, b-2, c-3, d-4 (D) a-4, b-2, c-3, d-1

30. शिवरात्रि पशु मेले का आयोजन होता है –
(A) झालावाड़ में (B) करौली में
(C) भरतपुर में (D) अलवर में

31. निम्नलिखित में से कौनसा युग्म सही सुमेलित नहीं है?
(A) ऊबछठ–भाद्रपद कृष्ण पक्ष षष्ठी
(B) गणगौर–चैत्र शुक्ल तृतीया
(C) घुड़ला–श्रावण शुक्ल तृतीया
(D) फूलडोल–चैत्र कृष्ण प्रतिपदा

32. 'भारतीय प्राचीन लिपिमाला' के प्रसिद्ध लेखक हैं –
(A) रामकर्ण आसोपा (B) विश्वेश्वरनाथ रेऊ
(C) मुनि जिन विजय (D) गौरीशंकर हीराचन्द ओझा

33. सहजो बाई का संबंध किस संप्रदाय से है?
(A) रामस्नेही (B) लालदासी
(C) अलखदासी (D) चरणदासी

34. अधोलिखित में से कौनसा युग्म (प्राचीन अंचल – आधुनिक जिला/जिले) सही सुमेलित नहीं है?
(A) अर्बुद देश–सिरोही
(B) शिवि–चित्तौड़गढ़, उदयपुर
(C) सपादलक्ष–अजमेर, नागौर
(D) वागड़–सीकर, झुंझुनू

35. श्रीलाल जोशी का सम्बन्ध था –
(A) फड़ चित्रण से (B) मूर्ति कला से
(C) थेवा कला से (D) मृण शिल्प से

36. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए –

| **सूची – I (विद्युत संयंत्र)** | **सूची – II (राज्य)** |
|---|---|
| (a) सतपुड़ा | (1) महाराष्ट्र |
| (b) धुवरन | (2) उत्तराखंड |
| (c) टनकपुर | (3) गुजरात |
| (d) दाभोल | (4) मध्य प्रदेश |

कूट –
(A) a-1, b-3, c-2, d-4 (B) a-4, b-3, c-2, d-1
(C) a-1, b-2, c-3, d-4 (D) a-4, b-2, c-3, d-1

37. The 'Social forestry' term was used firstly by the National Commission on Agriculture, in the year -
(A) 1976 (B) 1961
(C) 1978 (D) 1982

37. राष्ट्रीय कृषि आयोग ने 'सामाजिक वानिकी' पद का उपयोग सर्वप्रथम जिस वर्ष में किया, वह है –
(A) 1976 (B) 1961
(C) 1978 (D) 1982

38. As per Indian Meteorological Department, a severe drought occurs when the deficiency of rainfall exceeds.................of the normal rainfall.
(A) 20% (B) 25%
(C) 50% (D) 40%

38. भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, जब वार्षिक वर्षा की कमी सामान्य वर्षा से ................. अधिक होती है, तब प्रचण्ड सूखे की स्थिति होती है।
(A) 20% (B) 25%
(C) 50% (D) 40%

39. Which one of the following areas in India, is a hotspot of biodiversity?
(A) Gangetic Plains (B) Eastern Coast
(C) Western Ghats (D) Eastern Ghats

39. भारत में निम्नलिखित में से कौनसा क्षेत्र जैवविविधता का हॉटस्पॉट है?
(A) गंगा के मैदान (B) पूर्वी तट
(C) पश्चिमी घाट (D) पूर्वी घाट

40. Which is the leading producing state of Rubber?
(A) Tamil Nadu (B) Kerala
(C) Karnataka (D) Telangana

40. रबर का सर्वाधिक उत्पादक राज्य कौनसा है?
(A) तमिलनाडु (B) केरल
(C) कर्नाटक (D) तेलंगाना

41. Aman, Aus and Boro are related with which crop?
(A) Wheat (B) Rice
(C) Sugarcane (D) Tea

41. अमन, औस तथा बोरो किस फसल से सम्बन्धित हैं?
(A) गेहूँ (B) चावल
(C) गन्ना (D) चाय

42. Barren and Narcondam are -
(A) Rivers in India
(B) Volcanoes in India
(C) Agriculture type in India
(D) Types of mountain vegetation in India

42. बैरन तथा नारकोण्डम हैं –
(A) भारत में नदियाँ
(B) भारत में ज्वालामुखी
(C) भारत में कृषि प्रकार
(D) भारत में पर्वतीय वनस्पति का प्रकार

43. The highest point of the Meghalaya Plateau is -
(A) Garo Hills (B) Jaintia Hills
(C) Mikir Hills (D) Shillong

43. मेघालय पठार का सर्वोच्च बिन्दु/शिखर है –
(A) गारो पहाड़ियाँ (B) जयंतिया पहाड़ियाँ
(C) मिकिर पहाड़ियाँ (D) शिलांग

44. The shortest (in length) National Highway in India is -
(A) NH 966 B (B) NH 44
(C) NH 127 A (D) NH 548

44. भारत में सबसे छोटा (लम्बाई में) राष्ट्रीय राजमार्ग है –
(A) NH 966 B (B) NH 44
(C) NH 127 A (D) NH 548

45. Which of the following river flows in Rift Valley?
(A) Narmada (B) Ganga
(C) Satluj (D) Godavari

45. निम्नलिखित में से कौनसी नदी रिफ्ट घाटी में बहती है?
(A) नर्मदा (B) गंगा
(C) सतलुज (D) गोदावरी

46. As per Koppen's Climatic Classification, in which districts of Rajasthan 'Steppe climate' is found?
(A) Jaisalmer and Bikaner
(B) Ganganagar and Hanumangarh
(C) Barmer, Jalore and Jodhpur
(D) Jaipur, Dausa and Tonk

47. Shyampura and Bhat canals are related with -
(A) Jaisamand Lake (B) Mahi River
(C) Kota Barrage (D) Narmada Canal

48. In which district of Rajasthan, Gypsiferous soil is found?
(A) Alwar (B) Jodhpur
(C) Bikaner (D) Pali

49. The Janakpura and Kushalpura mines of Tonk district are known for the production of -
(A) Garnet (B) Wollastonite
(C) Uranium (D) Feldspar

50. East – West corridor does not passes through which of the following district of Rajasthan?
(A) Kota (B) Bundi
(C) Baran (D) Jhalawar

51. Which district of Rajasthan receives highest average annual rainfall?
(A) Udaipur (B) Sirohi
(C) Jhalawar (D) Baran

52. Maize is the staple food of which tribe of Rajasthan?
(A) Sahariya (B) Sansi
(C) Meena (D) Bhil

53. Arrange the following districts of Rajasthan in the correct order from North to South -
(i) Sri Ganganagar
(ii) Jalore
(iii) Jodhpur
(iv) Bikaner
Code -
(A) (ii), (i), (iii), (iv) (B) (i), (ii), (iii), (iv)
(C) (i), (iv), (iii), (ii) (D) (ii), (iv), (iii), (i)

46. कोपेन के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार, राजस्थान के किन जिलों में 'स्टेपी जलवायु' पायी जाती है?
(A) जैसलमेर और बीकानेर
(B) गंगानगर और हनुमानगढ़
(C) बाड़मेर, जालौर और जोधपुर
(D) जयपुर, दौसा और टोंक

47. श्यामपुरा और भाट नहरें सम्बन्धित हैं –
(A) जयसमन्द झील से (B) माही नदी से
(C) कोटा बैराज से (D) नर्मदा नहर से

48. राजस्थान के किस जिले में, जिप्सीफेरस मृदा मिलती है?
(A) अलवर (B) जोधपुर
(C) बीकानेर (D) पाली

49. टोंक जिले की जनकपुरा और कुशालपुरा खानें जिस खनिज के उत्पादन हेतु जानी जाती है, वह हैं –
(A) गार्नेट (B) वोलास्टोनाइट
(C) यूरेनियम (D) फेल्सपार

50. पूर्व – पश्चिम गलियारा राजस्थान के निम्नलिखित में से किस जिले से नहीं गुजरता है?
(A) कोटा (B) बूँदी
(C) बारां (D) झालावाड़

51. राजस्थान का कौनसा जिला औसत वार्षिक वर्षा की मात्रा सर्वाधिक प्राप्त करता है?
(A) उदयपुर (B) सिरोही
(C) झालावाड़ (D) बारां

52. मक्का राजस्थान की किस जनजाति का मुख्य भोजन है?
(A) सहरिया (B) सांसी
(C) मीणा (D) भील

53. राजस्थान के निम्नलिखित जिलों को उत्तर से दक्षिण की ओर सही क्रम में व्यवस्थित करें –
(i) श्रीगंगानगर
(ii) जालौर
(iii) जोधपुर
(iv) बीकानेर
कूट –
(A) (ii), (i), (iii), (iv) (B) (i), (ii), (iii), (iv)
(C) (i), (iv), (iii), (ii) (D) (ii), (iv), (iii), (i)

**54.** Which one of the following conservation reserve is not extended into Jhunjhunu district?

**(A)** Shakambhari **(B)** Mansa Mata
**(C)** Beed **(D)** Gogelav

**55.** Banka – Patti of Rajasthan suffers from the problem of -

**(A)** Limestone **(B)** Drought and Famine
**(C)** Fluoride **(D)** Air Pollution

**56.** Which of the following crop, is not grown in the Zaid cropping season in Rajasthan?

**(A)** Watermelon **(B)** Muskmelon
**(C)** Cucumber **(D)** Soybean

**57.** Which is not correct?

**(A)** Dry Agriculture is practiced in Western Rajasthan.
**(B)** Jhuming agriculture in Rajasthan is called Walara.
**(C)** Humid Agriculture is practised in South - Eastern Rajasthan.
**(D)** Rajasthan is divided into 14 agro-climatic zones.

**58.** Which is the first irrigation project in India, in which sprinkler irrigation system has been made mandatory?

**(A)** Indira Gandhi Canal Project
**(B)** Mahi Bajaj Sagar Project
**(C)** Chambal Canal Project
**(D)** Narmada Canal Project

**59.** According to Census 2011, what was the Child Sex Ratio in Rajasthan?

**(A)** 788 **(B)** 887
**(C)** 878 **(D)** 888

**60.** Which of the following facts are true about the Aravalli Mountain range?

(i) It was formed in Cambrian age.
(ii) It is considered residual mountain at present.
(iii) It is mainly made of Igneous rocks.
(iv) It extends from south – west to north – east direction.

**Code –**

**(A)** iii and iv **(B)** i, ii, iii and iv
**(C)** ii and iv **(D)** i and ii

**54.** निम्नलिखित में से कौनसा संरक्षित क्षेत्र झुंझुनू जिले में विस्तृत नहीं है?

**(A)** शाकम्भरी **(B)** मनसा माता
**(C)** बीड **(D)** गोगेलाव

**55.** राजस्थान की बांका – पट्टी किस समस्या से ग्रसित है?

**(A)** चूना–पत्थर की **(B)** सूखा और अकाल की
**(C)** फ्लोराइड की **(D)** वायु प्रदूषण की

**56.** निम्नलिखित में से कौन सी फसल, राजस्थान में ज़ायद के मौसम में उत्पादित नहीं की जाती है?

**(A)** तरबूज **(B)** खरबूजा
**(C)** ककड़ी **(D)** सोयाबीन

**57.** कौन सा असत्य है?

**(A)** शुष्क खेती पश्चिमी राजस्थान में प्रचलित है।
**(B)** राजस्थान में झूमिंग खेती को वालरा कहते हैं।
**(C)** राजस्थान में आर्द्र खेती दक्षिण–पूर्वी भाग में की जाती है।
**(D)** राजस्थान को 14 कृषि जलवायु प्रदेशों में बांटा गया है।

**58.** भारत में, कौन सी प्रथम सिंचाई परियोजना है जिसमें छिड़काव सिंचाई / फव्वारा सिंचाई को अनिवार्य कर दिया गया है?

**(A)** इंदिरा गाँधी नहर परियोजना
**(B)** माही बजाज सागर परियोजना
**(C)** चम्बल नहर परियोजना
**(D)** नर्मदा नहर परियोजना

**59.** जनगणना 2011 के अनुसार, राजस्थान में शिशु लिंगानुपात कितना था?

**(A)** 788 **(B)** 887
**(C)** 878 **(D)** 888

**60.** अरावली पर्वतमाला के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौनसे तथ्य सत्य हैं?

(i) इसका निर्माण कैम्ब्रियन युग में हुआ था।
(ii) वर्तमान में यह अवशिष्ट पर्वत के रूप में है।
(iii) यह मुख्यतः आग्नेय चट्टानों से निर्मित है।
(iv) यह दक्षिण – पश्चिम से उत्तर – पूर्व दिशा में विस्तृत है।

**कूट –**

**(A)** iii और iv **(B)** i, ii, iii और iv
**(C)** ii और iv **(D)** i और ii

61. Which Constitutional Amendment Act of the Constitution of India, limits the size of the Rajasthan Council of Ministers?
(A) Constitution (95th Amendment) Act, 2009
(B) Constitution (75th Amendment) Act, 1993
(C) Constitution (89th Amendment) Act, 2003
(D) Constitution (91st Amendment) Act, 2003

62. Which pair is correctly matched about the Deputy Chief Ministers of Rajasthan?
(A) Shiv Charan Mathur, Tikaram Paliwal
(B) Kamla Beniwal, Sachin Pilot
(C) Hiralal Devpura, Sachin Pilot
(D) Ghanshyam Tiwari, Sachin Pilot

63. What is the maximum amount of fine, that Rajasthan State Information Commission can impose for not providing information?
(A) ₹ 15000 (B) ₹ 20000
(C) ₹ 25000 (D) ₹ 30000

64. Who among the following was the first woman Rajya Sabha member from Rajasthan?
(A) Gayatri Devi (B) Sharda Bhargava
(C) Priyanka Chaturvedi (D) Sonal Mansingh

65. Which Constitutional Amendment is related to EWS reservation?
(A) 101 (B) 102
(C) 103 (D) 104

66. Who was the first Law Minister of Independent India?
(A) Maulana Azad (B) J.L. Nehra
(C) Dr. B.R. Ambedkar (D) Vallabh Bhai Patel

67. Which one of the following pair (Governor of Rajasthan - Former Position) is not correct?
(A) Madan Lal Khurana – C.M. of Delhi
(B) Kalyan Singh – C.M. of U.P.
(C) Ram Naik – Governor of U.P.
(D) Kalraj Mishra – Governor of U.P.

61. भारत के संविधान का कौनसा संविधान संशोधन अधिनियम, राजस्थान मंत्री परिषद के आकार को सीमित करता है?
(A) संविधान (95वां संशोधन) अधिनियम, 2009
(B) संविधान (75वां संशोधन) अधिनियम, 1993
(C) संविधान (89वां संशोधन) अधिनियम, 2003
(D) संविधान (91वां संशोधन) अधिनियम, 2003

62. राजस्थान के उपमुख्यमंत्रियों के बारे में कौन सी जोड़ी सुमेलित है?
(A) शिवचरण माथुर, टीकाराम पालीवाल
(B) कमला बेनीवाल, सचिन पायलट
(C) हीरालाल देवपुरा, सचिन पायलट
(D) घनश्याम तिवारी, सचिन पायलट

63. राजस्थान राज्य सूचना आयोग, सूचना नहीं देने पर अधिकतम कितनी राशि का जुर्माना आरोपित कर सकता है?
(A) 15000 ₹ (B) 20000 ₹
(C) 25000 ₹ (D) 30000 ₹

64. निम्न में से कौन राजस्थान की प्रथम महिला राज्यसभा सदस्य थी?
(A) गायत्री देवी (B) शारदा भार्गव
(C) प्रियंका चतुर्वेदी (D) सोनल मानसिंह

65. कौन सा संवैधानिक संशोधन ई.डब्ल्यू.एस. आरक्षण से संबंधित है?
(A) 101 (B) 102
(C) 103 (D) 104

66. स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि मंत्री कौन थे?
(A) मौलाना आज़ाद (B) जे.एल. नेहरू
(C) डॉ. बी.आर. अम्बेडकर (D) वल्लभ भाई पटेल

67. निम्न में से कौनसा एक युग्म (राजस्थान के राज्यपाल – पूर्व पद) सही नहीं है?
(A) मदनलाल खुराना – दिल्ली के मुख्यमंत्री
(B) कल्याण सिंह – उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री
(C) राम नाईक – उत्तरप्रदेश के राज्यपाल
(D) कलराज मिश्रा – उत्तरप्रदेश के राज्यपाल

68. Who is the Chairman of the State Tourism Advisory Committee in Rajasthan?
(A) Chief Minister (B) Tourism Minister
(C) Commissioner, Tourism Department (D) Governor

69. Read the following statements -
(i) The objective of the Right to Information Act, 2005 is to bring transparency and accountability in the administration.
(ii) Aruna Roy led the movement, which paved the way for the enactment of Right to Information Act.
Choose the correct code -
(A) Only (i) is true
(B) Only (ii) is true
(C) Neither (i) nor (ii) is true
(D) Both the statements are true

70. Under which Article can the Parliament make laws on the subjects of the State list?
(A) Article - 223 (B) Article - 249
(C) Article - 253 (D) Article - 293

71. The outlines of Second Five Year Plan was made by -
(A) B.N. Gadgil (B) P.C. Mahalanobis
(C) V.K.R.V. Rao (D) C.N. Vakil

72. To promote gender equality and economic empowerment of women, Government of India had set up India's First Women's Bank called 'Bharatiya Mahila Bank Limited'. In which year it was launched?
(A) 2012 (B) 1999
(C) 2013 (D) 2017

73. In the defence sector in India, the foreign direct investment limit under the automatic route has been increased to what percent?
(A) 51% (B) 49%
(C) 74% (D) 100%

68. राजस्थान में राज्य पर्यटन सलाहकार समिति के अध्यक्ष कौन हैं?
(A) मुख्यमंत्री (B) पर्यटन मंत्री
(C) आयुक्त, पर्यटन विभाग (D) राज्यपाल

69. निम्नलिखित कथनों को पढ़िए –
(i) सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 का उद्देश्य प्रशासन में पारदर्शिता तथा उत्तरदायित्व लाना है।
(ii) अरुणा राय ने उस आंदोलन का नेतृत्व किया, जिसने सूचना के अधिकार अधिनियम के अधिनियमित होने का मार्ग प्रशस्त किया।
सही कूट चुनिए –
(A) केवल (i) सही है
(B) केवल (ii) सही है
(C) न तो (i) ना ही (ii) सही है
(D) दोनों कथन सही हैं

70. संसद राज्य सूची के विषय पर किस अनुच्छेद के तहत कानून बना सकती है?
(A) अनुच्छेद – 223 (B) अनुच्छेद – 249
(C) अनुच्छेद – 253 (D) अनुच्छेद – 293

71. द्वितीय पंचवर्षीय योजना की रूपरेखा किसके द्वारा बनाई गई थी?
(A) बी.एन. गाडगिल (B) पी.सी. महालनोबिस
(C) वी.के.आर.वी. राव (D) सी.एन. वकील

72. लैंगिक समानता और महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए, भारत सरकार ने भारत का पहला महिला बैंक, 'भारतीय महिला बैंक लिमिटेड', नाम से स्थापित किया था। इसे किस वर्ष लॉन्च किया गया था?
(A) 2012 (B) 1999
(C) 2013 (D) 2017

73. भारत में रक्षा क्षेत्र में स्वचालित मार्ग से विदेशी प्रत्यक्ष निवेश की सीमा को बढ़ाकर कितने प्रतिशत कर दिया गया है?
(A) 51% (B) 49%
(C) 74% (D) 100%

74. In India, agriculture income is calculated by -
(A) Input method (B) Output method
(C) Commodity Flow method (D) Expenditure method

75. Where is the Indian Institute of Sugarcane Research situated?
(A) Lucknow (B) Kanpur
(C) New Delhi (D) Varanasi

76. Which among the following is/are the Nodal Agency for implementing the Monetary Policy?
(i) State Bank of India
(ii) Union Bank
(iii) Reserve Bank of India
(A) Only (i) (B) Only (ii)
(C) (i), (ii) & (iii) (D) Only (iii)

77. Indian Green Revolution was started from which University?
(A) Delhi University (B) Hyderabad University
(C) Kanpur University (D) Pantnagar University

78. The live run of RTGS (Real Time Gross Settlement System) was started in -
(A) 2004 (B) 2002
(C) 2010 (D) 2006

79. Which one among the following agricultural sectors is covered under the Market Intervention Scheme (MIS) of Indian Government?
(A) Horticulture (B) Forestry
(C) Irrigation (D) Animal husbandry

